Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 15-12-2006

Participants : Bhakta Shri Manoranjan

>

Title: Regarding problems being faced by the tribals in Andaman & Nicobar Islands.

श्री मनोरंजन भक्त (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह): सभापति महोदया, मैं एक गम्भीर घटनाक्रम की तरफ इस सदन का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। अंडमान निकोबार आईलैंड में जो द्वीप हैं, उनमें से एक टापू का नाम कचाल है। उस टापू पर सारे ही ट्राइबल आदमी बसे हुए हैं और उस टापू के अन्दर सुनामी के टाइम में आधी पोपुलेशन पानी में बहकर चली गई थी। अभी मुझे खबर मिली है कि उस टापू में जो ट्राइबल, आदिवासी हैं, वे बहुत ही नाराज हो गये हैं, क्योंकि उनके पास खाने को नहीं है, उनको कोई सामान नहीं मिलता, आने-जाने को बोट का साधन नहीं है और बहुत कुछ कोशिश करने के बावजूद भी प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई, इसलिए मैं समझता हूं कि यह बहुत ही गम्भीर मामला है। मंत्री जी यहां उपस्थित हैं। उचित होगा कि वे भारत सरकार के सामने इस समस्या को इम्मीडिएटली लायें, नहीं तो उस जगह में बहुत भारी हंगामा होगा और उसको रोकना बहुत मुश्किल होगा। यह आदिवासियों का मसला है, इसलिए मैंने आपके माध्यम से यह निवेदन किया है। इस पर तुरन्त कार्रवाई होनी चाहिए। [R69]